## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 10.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीम द्वारा समस्त थाना क्षेत्रों में चलाया गया सघना जागरुकता अभियान। महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा सहायता सेवाओं आदि के बारे में किया गया जागरूक।**

**विवरण-** मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम आज दिनांक 10.10.2025 को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सचिवालयों में मिशन शक्ति टीम द्वारा बालिकाओं, महिलाओं एवं बच्चों को एकत्रित कर चौपालों एवं संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं, महिलाओं व बालिकाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, सुरक्षा कानूनों तथा सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों को अभियान से संबंधित टेम्पलेट्स वितरित किए गए, जिनमें विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, घरेलू हिंसा से सुरक्षा, व कानूनी सहायता जैसे विषयों पर जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा या उत्पीड़न की स्थिति में वे बिना हिचक इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। जागरुकता अभियान के क्रम में थाना मरका की मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय कुम्हेड़ा में, थाना गिरवां की मिशन शक्ति टीम ग्राम बरईमानपुर में, थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम ग्राम बरगहनी में, थाना फतेहगंज की मिशन शक्ति टीम ग्राम बरछड़िया में, थाना नरैनी की मिशन शक्ति टीम राजकुमार इंटर कॉलेज में, थाना मटौंध की मिशन शक्ति टीम कस्बा मटौंध में, थाना अतर्रा की मिशन शक्ति टीम कस्बा अतर्रा में, थाना बदौसा की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा बदौसा में, थाना जसपुरा की मिशन शक्ति टीम द्वारा कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय में, थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम जसईपुर में, थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा भानू एकेडमी अतर्रा चुंगी, थाना पैलानी की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा पैलानी में, थाना बिसंडा की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा बिसंडा में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत वृहद रुप से जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को जागरुक किया गया।